हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 17 अक्टूबर 2024
[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]



## खबर संक्षेप



### माकड़ी में टीबी रोगियों को पोषण आहार का वितरण

**कोण्डागांव।** स्वास्थ्य विभाग और पिरामल संस्था के सहयोग से माकड़ी समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विश्व खाद्य दिवस पर एक अनोखा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर माकड़ी ब्लॉक के टीबी मरीजों को फूड बास्केट वितरित किए गए। उन्हें पोषण संबंधी जानकारी दी गई और खान–पान के बारे में बताया गया कि जल्द से ठीक होने के लिए पोषणयुक्त भोजन बहुत ही आवश्यक है। कार्यक्रम में जनपद सीईओ ने कहा कि टीबी रोगियों के लिए पोषण आहार एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हम उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना चाहते हैं। खण्ड कार्यक्रम प्रबंधक ने कहा कि हम टीबी मरीजों के स्वास्थ्य होने के हर संभव प्रयास कर रहे हैं। पिरामल संस्था के जिला प्रतिनिधि ने कहा हम स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर टीबी रोगियों को स्वास्थ्य करने प्रतिबद्ध हैं।

### आम पेड़ के नीचे दांव 9 जुआरी गिरफ्तार

**फरसगाँव।** फरसगांव पुलिस ने ग्राम बड़ेठेमली में आम पेड़ के नीचे ताश के 52 पत्ते से रुपए पैस का दांव लगाकर जुआ खेलते 9 जुआरियों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बुधवार की देर रात ग्राम बड़ेठेमली में आम पेड़ के नीचे जुआ के फड़ की घेराबंदी की। इसके बाद जुआ खेल रहे मगंउराम यादव निवासी बड़ेठेमली, पतिराम सलाम निवासी बड़ेठेमली, गरीब नेताम निवासी बड़ेठेमली, सखराम नाग निवासी बड़ेठेमली, श्याम सिंह मरकाम निवासी मांझीआठगांव, देवसिंह मरकाम निवासी मांझीआठगांव सड़कपारा , अंशुराम नेताम निवासी रावबेड़ा ओगलाडिली , सकलू नेताम निवासी राबबेड़ा ओगलाडिही, प्रभुलाल नेताम निवासी रावबेड़ा ओगलाडिही को पकड़ा। जुआरियों के पास से कुल 5400 रुपए, ताश के 52 पत्ते, एक नग हरे रंग का साल, 2 नग जली हुई मोमबत्ती पाई गई। आरोपियों का कृत्य छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिशेध) अधिनियम 2022 की धारा 3 के अंतर्गत पाए जाने पर बुधवार को अपरान्ह 4 बजे विधिवत गिरफ्तार कर जमानत मुचलके पर रिहा किया गया। कार्रवाई में निरीक्षक संजय सिन्दे थाना प्रभारी, मोपेन्द साहू,फरसू मरकाम, संतोष एक्का,धनीराम सलाम, किरण नेताम की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# पूर्व सेवा गणना की मांग को लेकर शिक्षक एलबी ने सौंपा ज्ञापन

## मुख्यमंत्री, शिक्षामंत्री और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को दिया मांगपत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के नेतृत्व में एलबी संवर्ग के शिक्षकों ने अपनी पूर्व सेवा गणना, वेतन विसंगति, और अन्य वित्तीय मुद्दों को लेकर कोंडागांव जिला मुख्यालय में एकजुट होकर प्रदर्शन किया। जिला संयोजक ऋषिदेव सिंह और शंकर लाल नेताम के नेतृत्व में शिक्षक समुदाय ने मुख्यमंत्री, शिक्षामंत्री, वित्त मंत्री, मुख्य सचिव, और अन्य उच्चाधिकारियों के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में क्रमोन्नति, समयमान वेतनमान, और लम्बित डीए व एरियर्स जैसी प्रमुख मांगों का उल्लेख किया गया है। डीएनके ग्राउंड में कलेक्टर के प्रतिनिधि के रूप में तहसीलदार मनोज रावटे उपस्थित रहे। जिन्होंने ज्ञापन प्राप्त किया। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी आदित्य चांडक को भी एक ज्ञापन सौंपा गया।



**ये हुए शामिल**

आंदोलन का नेतृत्व जिला संयोजक ऋषिदेव सिंह, शंकर लाल नेताम, प्रांतीय पदाधिकारी चंद्रकांत ठाकुर और नीलम श्रीवास्तव कर रहे हैं। इस मौके पर सैकड़ों शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। जिसमें प्रमुख रूप से संजय राठौर, ललिता राजपूत, गुलेन्द्र पटेल, अरूण दीवान, अशोक साहू, मन्नाराम नेताम, एवं अन्य शिक्षक शामिल रहे।

शिक्षक मोर्चा ने अपनी मुख्य मांगों में सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगतियों को दूर करने, सभी एलबी संवर्ग शिक्षकों को क्रमोन्नत वेतनमान प्रदान करने और 1.86 के गुणांक पर वेतन निर्धारण की मांग की है। इसके साथ ही, शिक्षकों ने पुरानी पेंशन योजना को पुनः लागू करने और 20 वर्ष की सेवा पर पूर्ण पेंशन का प्रावधान करने की मांग की। ज्ञापन में उच्च न्यायालय बिलासपुर के याचिका क्रमांक डब्लूए /261/2024 के तहत लिए गए निर्णय का भी हवाला दिया गया। जिसके अनुसार पात्र शिक्षकों को क्रमोन्नति देने का आदेश दिया गया है। मोर्चा ने घोषणा की कि 24 अक्टूबर को जिले भर में एक विशाल धरना प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। 20 अक्टूबर तक विकास खंड स्तर पर बैठकें होंगी।

**आयोजन : 100 गवा सतनामी समाज ने राज्याभिषेक राजा मेला धूमधाम से मनाया**

# अपने इतिहास को ना भूले, बलिदानी राजा गुरु बालक दास साहेब के सिद्धांतों पर चलें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

विकासखंड कोंडागांव के ग्राम कुसमा में 100 गवा सतनामी समाज स्थापना एवं धर्मसभा संसद के तत्वावधान में रविवार को एकादशी राज्याभिषेक राजा मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सुश्री लता उसेंडी विधायक कोंडागांव एवं अध्यक्ष बस्तर विकास प्राधिकरण, अध्यक्षता लखमूराम टंडन प्रधान संयोजक 100 गवा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में केके खेलवारे आईएफएस सेवानिवृत्त डीएफओ, पद्मश्री डॉक्टर उषा बारले पंडवानी गायिका, सुरेश बघेल मेला समिति अध्यक्ष, एमडी बघेल संरक्षक, एसआर आदिले जिला अध्यक्ष दंतेवाड़ा, सुरेश भारती उड़ीसा प्रभारी, हरिश्चंद्र डाहरे पूर्व जिला अध्यक्ष धंसराज टंडन सभाग अध्यक्ष, सानू मारकंडे जिला अध्यक्ष कोंडागांव, चुन्नीलाल मिर्झा प्रवक्ता ओडिशा, अमृतलाल घृतलहरे उमरकोट, संतु बाधें हाईटेक किसान, विष्णु टंडन ब्लॉक अध्यक्ष नगरी, सुखानद महिलागे, देवनारायण डाहरे, थबीर सिह डाहरे, सुरेद बंजारे जेसीबी ठेकेदार ,गोविंद कोसरे भंडारी कुंज बिहारी पटेला अध्यक्ष केशकाल, गणेश्वर आजाद ब्लॉक अध्यक्ष, रामायण पात्रे ब्लॉक सचिव, भागवत चतुर्वेदी अध्यक्ष, रामकिशोर बेर, संतराम मारकंडे ,लक्ष्मीनाथ सोनवानी, सुरेश बेर, टिकचद बजारे धनसरा, सतीश भार्गव ,रूपेश कुमार ,विनोद डाहरे, डॉ राजेश बघेल ,जोहन बेर, गणेश कोसले, शिव जांगड़े, निर्मल चंदेल, मुन्नाराम जांगड़े, राजेंद्र बांधे, श्रीमती पंचवती मारकंडे ,श्रीमती सुनीता जांगड़े, भुवन मारकन्डेय, देव नारायण बंजारे, छेरकु सतवंशी , जगीन डाहरे ,झूमर लाल डाहरे, रामसुरत डाहरे, छन्नू लाल मारकंडे, मनोहर महिलांगे, मांगीलाल महिलागे, पुरुषोत्तम डाहरे, लखेश बेर, संजय महिलागे, दिनेश महिलागे, जितेद गायकवाड, रोहित खेलवारे, खेदु महिलागे, हितेश खेलवारे, फूल सिंह महिलागे, कौशिक डाहरे, नरेंद्र मारकंडे, जयकिशन मारकंडे, दिनेश डहरिया, शिवरात्रु बंजारे, सुनील डाहरे प्रेम डाहरे मंचासीन रहे। सर्वप्रथम पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई तत्पश्चात भव्य रैली निकाली गई। जिसमें पंथी नृत्य व उड़ीसा से आए घुमरा पंथी नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। इसके बाद मंचीय कार्यक्रम हुआ कार्यक्रम में विधायक सुश्री लता उसेंडी ने कहा कि समाज को संगठित रहने के लिए मेला का आयोजन सराहनीय है।

■ समाज को संगठित रहने के लिए मेला सराहनीय पहल : उसेंडी




**देशभर के 55 परिसीमन में लगा मेला**

इस वर्ष 100 गवा सतनामी समाज के तत्वावधान में देशभर के 55 परिसीमन में मेला का आयोजन हुआ है। इस मेले में बच्चों के झूले, मनोरंजन खिलौने की दुकान, साग सब्जी दुकान, नारायणपुर से सतनाम बुक स्टाल, ट्रैक्टर प्रदर्शनी इत्यादि लगी जिससे मेले में रौनक आई। मेले में भोजन भंडारा भी किया गया जो दोपहर से रात्रि तक चलता रहा। रात्रि में पंथी व पंडवानी गायिका एवं ज्ञानश्रोत कलामंच दुर्ग भिलाई से पद्मश्री डॉ. उषा बारले का सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ जो देर रात्रि तक चला। कोंडागांव 100 गवा परिसीमन क्षेत्र से समाज के महिला पुरुष व बच्चे शामिल हुए। मेला के सफल आयोजन के लिए मेला समिति के अध्यक्ष सुरेश बघेल ने आभार प्रदर्शन किया।

# एसपी की फेसबुक आईडी बनाकर ठगी, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



कोण्डागांव पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने हाल ही में एक साइबर ठगी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के नाम से फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर लोगों से ठगी की थी। इस केस ने साइबर सुरक्षा और ठगी के बढ़ते मामलों पर फिर से ध्यान आकर्षित किया है।

■ हरियाणा नुंह जिले की साइबर सेल व कोण्डागांव पुलिस की टीम ने पकड़ा

7 अक्टूबर 2024 को शिकायतकर्ता प्रकाश नारायण सिंह ने कोण्डागांव थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि उसे अक्षय कुमार आईपीएस के नाम से एक फेसबुक फ्रेंड रिक्वेस्ट प्राप्त हुई थी। जिसे उसने स्वीकार कर लिया। 3 अक्टूबर को उस आईडी से एक संदेश आया। जिसमें बताया गया कि सीआरपीएफ के अधिकारी आशीष कुमार, जो कोण्डागांव में पदस्थ थे। उनका स्थानांतरण हो गया है और वे अपने पुराने घर का सामान बेचना चाहते हैं। इस बहाने से शिकायतकर्ता से पैसा मांगा गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए, पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार ने तत्काल साइबर सेल को जांच के आदेश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल के मार्गदर्शन में और सायबर सेल के डीएसपी सतीश भार्गव के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। जांच के दौरान आरोपियों का लोकेशन हरियाणा के नुंह जिले में ट्रेस किया गया। टीम ने लगातार तीन दिनों तक आरोपियों के संभावित ठिकानों पर नज़र रखी और अंततः नुंह के नागला देवला गांव से आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों ने पूछताछ में अपराध स्वीकार कर लिया। और उनके पास से वह मोबाइल फोन भी बरामद किया गया। जिससे फर्जी फेसबुक आईडी बनाई गई थी।

**पकड़े गए आरोपी**

अरमान खान 20 वर्ष निवासी नागला देवला, नुंह हरियाणा, मोहम्मद सादिक 19 वर्ष निवासी नागला देवला, नुंह हरियाणा शामिल हैं।

**इनका रहा योगदान**

पुलिस की इस सफलता में निरीक्षक सौरभ उपाध्याय, उप निरीक्षक शशिभूषण पटेल, प्रधान आरक्षक अशोक मरकाम, महिला आरक्षक आकांक्षा, और साइबर सेल के लूमन सिंह भंडारी और बीजू यादव का विशेष योगदान रहा।

# रावण दहन, बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व

**फरसगांव/धनोरा।** केशकाल विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेलगांव में बुधवार को विराट दशहरा महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष व केशकाल के पूर्व विधायक संतराम नेताम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। ग्राम बेलगांव पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और ग्रामवासियों ने प्रभु श्रीराम-लक्ष्मण और हनुमान जी की सुंदर झांकी के साथ पूर्व विधायक संतराम नेताम सहित उनके साथ पहुंचे अतिथियों को मंच पर आसीन कराया। पूर्व विधायक संतराम नेताम ने दशहरा महोत्सव को संबोधित करते हुए कहा की रावण दहन असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है। हम लोग हर साल रावण का वध करते है, परंतु इस पर्व की सार्थकता तभी है, जब हम काम, क्रोध, मद, लोभ रूपी रावण, जो हमारे मन में है, उसका वध करें। कार्यक्रम के दौरान संतराम नेताम ने रावण के पुतले का दहन करने पर बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया। रावण दहन पर जोरदार रंग-बिरंगी आतिशबाजी की गई। सभी लोगों ने बुराई पर अच्छाई की जीत का जश्न हर्षोल्लास से मनाया।



# नगरपालिकाओं के आम निर्वाचन- 2024 निर्वाचक नामावलियों का प्रारंभिक प्रकाशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत ने आज जिला कार्यालय के सक्षा कक्ष में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में त्रि–स्तरीय पंचायत और नगरपालिकाओं के आम निर्वाचन 2024 के लिए निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर के आदेशानुसार नगरपालिकाओं के आम निर्वाचन 2024 के लिए प्रारंभिक निर्वाचक नामावली का प्रकाशन 16 अक्टूबर 2024 को नगरपालिका क्षेत्र एवं नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत किया गया है। निर्वाचक नामावली के प्रकाशन उपरांत 16 अक्टूबर से निर्वाचक नामावली से संबंधित दावा आपत्ति लेने का कार्य



निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा किया जा रहा है। नगरपालिका क्षेत्र के लिए अनुविभागीय अधिकारी व तहसीलदार, नगर पंचायत क्षेत्र केशकाल व फरसगांव के लिए अनुविभागीय अधिकारी केशकाल फरसगाव एवं तहसीलदार केशकाल व फरसगांव को दावा–आपत्ति प्रस्तुत किया जा सकता है। नाम जुड़वाने के लिए प्रस्तुत दावा में संबंधित वार्ड के अंतर्गत दावाकर्ता का नाम भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रकाशित निर्वाचक नामावली में 1 जनवरी 2024 की स्थिति में नाम सम्मिलित होना आवश्यक है। प्राधिकृत अधिकारी के समक्ष निर्वाचक नामावली में नाम जुड़वाने, विलोपित एवं संशोधन करने के लिए 16 अक्टूबर 2024 से 22 अक्टूबर 2024 तक कार्यालयीन दिवस के साथ–साथ शनिवार एवं रविवार के अवकाश के दिन में भी समय प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 5 बजे तक एवं अंतिम दिवस 23 अक्टूबर को अपरान्ह 3 बजे तक आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। प्राप्त दावा आपत्तियों का निराकरण कर निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 22 नवम्बर 2024 को किया जायेगा। इसी प्रकार त्रि–स्तरीय पंचायत निर्वाचन 2024–25 के लिए निर्वाचक नामावलियों का प्रारंभिक प्रकाशन 24 अक्टूबर 2024 को किया जाकर दावा आपत्ति प्राप्त करने की कार्यवाही निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय एवं समस्त ग्राम पंचायत मुख्यालय, जनपद पंचायत मुख्यालय में किया जायेगा।

## पेज 13 के शेष

### जनकल्याणकारी योजनाओं ...

प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र खोलने, सिकलसेल स्क्रीनिंग, चिरायु योजना, पोषण पुनर्वास केन्द्र, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए आयुष्मान कार्ड पंजीयन हेतु टीकाकरण दिवस के बाद शिविर लगाए जाने सहित शत-प्रतिशत संतृप्त किये जाने कहा। कमिश्नर ने पोषण पुनर्वास केन्द्र में कुपोषित बच्चों को भर्ती कर उपचार करने के लिए रोस्टर तैयार कर बेड खाली होने के साथ ही प्रतीक्षा सूची के आधार पर अन्य बच्चों को लाभान्वित किए जाने कहा। स्कूल शिक्षा विभाग में बच्चों को जाति, आय एवं निवास प्रमाण पत्र प्रदाय करने कहा। वहीं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का बेहतर क्रियान्वयन करने पर बल दिया। कमिश्नर ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत पंजीयन स्थिति की समीक्षा करते हुए पात्र किसानों को अनिवार्य रूप से लाभान्वित किए जाने के निर्देश दिए। कमिश्नर डोमन सिंह ने समाजकल्याण विभाग की कृत्रिम अंग प्रदाय योजनांतर्गत सर्वेक्षण कर चिन्हित लोगों को कृत्रिम अंग उपलब्ध करवाने के लिए शिविर आयोजन किए जाने कहा। साथ ही पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों को डीबीटी से भुगतान हेतु बैंक खाता एवं आधार सीडिंग में अद्यतन प्रगति लाने कहा।

### दशहरा में आमंत्रित ...

कमलचंद भंजदेव ने हरिभूमि से चर्चा में बताया कि कुटुंब याने पूरा परिवार माई दंतेश्वरी के साथ जितने असंख्य देवी देवता जो यहां मौजूद है। माईजी का छत्र जो दंतेवाड़ा से यहां उपस्थित हुए उनकी मौजूदगी में आज विदाई है। इस अवसर पर यहां जिनकी मानता (मन्नत) पूरी हो जाती है, इसके बाद इसी दिन वे मानता पूरी करने आते है। देवी देवताओं को बलि देकर माता को अर्पित किया जाता है। आज ही के दिन दंतेवाड़ा से आए छत्र की विदाई दी जाती है। इसके साथ ही असंख्य देवी देवता जिनमें आंगादेव, पाढ़देव, भैरमदेव आदि की विदाई आज से शुरू हो जाती है। वहीं सबसे अंत में मावली माता कि विदाई होती है जो सबकी विदाई होने के बाद शनिवार या मंगलवार को होती है। वहीं शनिवार को मावलीमाता कि विदाई होगी। छत्र की विदाई के बाद उन्हें अलग रखा जाता है। इसके बाद शनिवार को दोनों की ससम्मान भव्यता के साथ विदाई दी जाएगी।

### पांच किलो गांजा ....

मादक पदार्थ गांजा मिला। जिसे अपने पास रखने के संबंध में पूछताछ करने पर गांजा रखने का वैधानिक प्रत्युत्तर नहीं दिया गया। गांजा परिवहन करना स्वीकार करने से आरोपिया के कब्जे में रखे अवैध मादक पदार्थ को 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत विधिवत जब्त कर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया। कार्रवाई में निरीक्षक लीलाधर राठौर, उपनिरीक्षक अरुण मरकाम, सहायक उप निरीक्षक सुजाता डोरा, प्रधान आरक्षक प्रकाश मनहर, नितेश मेश्राम, आरक्षक प्रकाश नायक, भैरव सिन्हा, सोभावती बंछोड़ एवं मोनिका नरेटी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### बीएड प्रशिक्षित सहायक....

है। नवनियुक्त बी एड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों ने मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षण कराते हुए न्यायालय की अवमानना किए बगैर बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों की आजीविका के साथ साथ इससे प्रभावित परिवार के लगभग 30000 लोगों के ऊपर मंडरा रहे आर्थिक संकट को दूर कर सेवा को सुरक्षित रखने के लिए उचित और त्वरित कार्रवाई करने के लिए निवेदन किया गया।
ये हुए शामिलः इस दौरान मीडिया प्रभारी निर्भय साहू,संजय नेताम, लेमन देवांगन, राकेश सहित अन्य नवनियुक्त बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षक शामिल रहे।

### दशहरा में आने ...

पर मौजूद आरपीएफ पोस्ट जगदलपुर में पदस्थ जवान एन पात्रो व चन्द्रपाल ने बताया कि प्रतिदिन सुबह अलग अलग टीमों द्वारा पैसेंजर ट्रेन के आने के दौरान यात्रियों को जागरूक करने बैनर व पोस्टर के माध्यम से यात्रा के दौरान सावधानी बरतने जागरूक किया जाता है। वहीं यात्रियों को जानकारी दी जा रही है कि रेलवे अधिनियम की अवहेलना करने पर रेलवे एक्ट की धारा 147, 154 व 160 (2) के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### नगरीय निकाय व...

पंचायतों के अंतर्गत 24 अक्टूबर को कार्यालय समय पर त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन हेतु फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी (रा) जगदलपुर, बस्तर, बकावंड, तोकापाल, लोहंडीगुड़ा एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसील कार्यालय जगदलपुर, नानगुर, बस्तर, भानुपुरी, बकावंड, करपावंड, तोकापाल, दरभा एवं बास्तानार, सर्व मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत जिला बस्तर के कार्यालय एवं जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायत में आम जनता के अवलोकन हेतु वार्डवार उपलब्ध रहेगा। प्रेसवार्ता में डिप्टी कलेक्टर प्रवीण वर्मा भी रहे।

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र.क्र. 305/ब-121/2023-24

**// उद्घोषणा //**

इस उद्घोषणा के जरिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक टिलुराम कश्यप पिता स्व. सोनाधर कश्यप जाति भतरा ग्राम सोनपुर तहसील करपावण्ड जिला बस्तर द्वारा आवेदक स्वयं अथवा अपने के पिता स्व. सोनाधर कश्यप S/O स्व. झितरू निवासी ग्राम सोनपुर तहसील करपावण्ड जिला बस्तर छ.ग. का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः आवेदक के पिता स्व. सोनाधर कश्यप S/O स्व. झितरू ग्राम सोनपुर का दिनांक 20/02/2019 को मृत्यु हुई है। आवेदक टिलुराम कश्यप पिता स्व. सोनाधर कश्यप जाति भतरा ग्राम सोनपुर तहसील करपावण्ड जिला बस्तर आवेदक स्वयं अथवा आवेदक के पिता स्व. सोनाधर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के मार्फत प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 10/10/2024 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार की सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 25/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड जिला बस्तर
















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 17 अक्टूबर 2024





12 अपने इतिहास को ना भूले, बलिदानी राजा गुरु बालक...



14 कुपोषण को मिटा नहीं पाये, तो विभाग ने जला दिए ...




## खबर संक्षेप



### पुरखती कागजात पुस्तक का अंग्रेजी संस्करण विमोचित

**जगदलपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पुरखती कागजात पुस्तक का अंग्रेजी संस्करण का विमोचन मुरिया दरबार कार्यक्रम में किए। बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के माध्यम से आदिवासी परम्परा, रीति-रिवाज, सांस्कृतिक विविधता एवं ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित तथा संवर्धित करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी तारतम्य में बस्तर संभाग अन्तर्गत देवी-देवताओं की शक्तिशाली वाचिक परम्परा, इतिहास एवं उत्पति के बारे में गांव-गांव से गुनिया-बैगा, सिरहा, माटी पुजारी-पेरमा, मांझी, गांयता, पटेल से विस्तृत चर्चा करते हुये जानकारी संकलित कर आनेवाली पीढ़ियों को अपने देवी-देवताओं की सेवा परम्परा से अवगत कराने के लिए पुरखती कागजात नामक पुस्तक तैयार किया गया। मुख्यमंत्री साय ने पुस्तक के प्रकाशन पर प्राधिकरण को बधाई दी। कार्यक्रम में उपस्थित वन मंत्री केदार कश्यप, सांसद बस्तर महेश कश्यप, सांसद कांकेर भोजराज नाग, बस्तर विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक लता उसेंडी, विधायक किरण देव, चित्रकोट विधायक विनायक गोयल ने भी पुस्तक की सराहना की।

### पर्यटक ई-रिक्शा से 4 किमी तक पार्क की देख रहे सुंदरता



**जगदलपुर।** संभागीय मुख्यालय किनारे स्थित लामनी पार्क के लिए इन दिनों शासन द्वारा वन विभाग को दो ई-रिक्शा दिया गया। इससे पर्यटक पार्कका लगभग 4 किमी दूर तक चिड़िया घर सहित अन्य सुंदरता देख रहे है, जिससे पार्क को रोज लगभग 1000 रुपए की आय एवं 30 फीसदी पर्यटक बढ़े। पर्यटक सुबह एवं शाम को वाकिंग के दौरान पार्क सायक्लिंग कर रहे हैं। हालांकि एवियरी में अलग-अलग प्रजाति के पक्षियों को रखा जाएगा, जिसमें देशी, विदेशी दोनों प्रजाति के पक्षियों को रखा गया है। पार्क में पर्यटकों को बढ़ाया देने का प्रयास किया जा रहा है, इसलिए महिला स्व-सहायता समूह पक्षियों को दाना एवं साफ सफाई किया जा रहा है। परिक्षेत्र अधिकारी देवेन्द्र सिंह वर्मा ने बताया कि पर्यटकों के लिए पार्क में पर्यटकों के लिए दो ई-रिक्शा चलाया जा रहा है। एवियरी में रखे जाने वाले अलग-अलग प्रजाति के पक्षियों को देखने स्थानीय लोगों के साथ ही बाहरी पर्यटक भी आ रहे और ये पर्यटन के दृष्टिकोण से भी मुख्य आकर्षण का केंद्र बना।

# जनकल्याणकारी योजनाओं का धरातल पर करें कारगर क्रियान्वयन : कमिश्नर

## कमिश्नर बस्तर ने संभाग स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

कमिश्नर बस्तर संभाग डोमन सिंह ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का धरातल पर कारगर क्रियान्वयन करें। संभाग स्तरीय अधिकारी अपने अधीनस्थ जिला और ब्लॉक स्तर के अधिकारियों के कार्यों की नियमित तौर पर समीक्षा करें और प्रभावी तरीके से योजनाओं को जनसाधारण तक पहुंचाने की दिशा में सकारात्मक प्रयास करें। कमिश्नर बस्तर संभाग डोमन सिंह ने बुधवार को कमिश्नर कार्यालय के सभागार में आयोजित संभाग स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक में उक्त निर्देश दिए। कमिश्नर ने बैठक में कहा कि जिला और ब्लॉक स्तर के अधिकारियों की बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से करें, ताकि समय की बचत हो तथा फील्ड में उन्हें काम करने का ज्यादा अवसर मिल सके। स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत अपने विभागीय कार्यालय सहित अधीनस्थ कार्यालय एवं परिसरों में स्वच्छता एवं साफ-सफाई अभियान चलाए जाने कहा।

अधिकारियों को निर्देशित किया कि नियद नेल्लानार योजनांतर्गत क्षेत्रों में शासन की चयनित सभी योजनाओं का सेचुरेशन मोड पर क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। जिसके तहत प्रत्येक योजनाओं से पात्र हरेक व्यक्ति को लाभान्वित किया जाए। स्वास्थ्य विभाग की आयुष्मान कार्ड पंजीयन, आयुष्मान आरोग्य मंदिर संचालन तथा स्वास्थ्य शिविर आयोजन, ⏭ शेष पेज 12 पर

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों का सम्मान

कमिश्नर ने जल जीवन मिशन के हर घर जल प्रमाणीकरण की समीक्षा करते हुए प्रत्येक बसाहट के सभी घरों सहित स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्र, स्वास्थ्य केन्द्र, आश्रम-छात्रावास, उचित मूल्य दुकान, ग्राम पंचायत भवन, सामुदायिक भवन इत्यादि में नल कनेक्शन प्रदाय सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने बैठक में विद्युत वितरण कम्पनी, लोक निर्माण, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, वन विभाग के योजनाओं और कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। इस मौके पर मिलेट मिशन के तहत उत्कृष्ट कार्य के लिए वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कुआंकोण्डा एवं कटेकल्याण क्रमशः बीआर कांगे तथा योगेश उईके को शॉल, श्रीफल एवं प्रशस्ति प्रदान कर उत्साहवर्धन किया गया।



### ये रहे उपस्थित

बैठक में डिप्टी कमिश्नर बीएस सिदार एवं आरती वासनीकर और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, लोक निर्माण, विद्युत वितरण कम्पनी, वन, कृषि, स्वास्थ्य, स्कूल शिक्षा, पशुपालन विभाग के संभाग स्तरीय अधिकारी एवं विभिन्न विभागों के संभागीय नोडल अधिकारी मौजूद थे।

**परंपरा:** कुटुंबजात्रा में माटी पुजारी ने की मावली माता व दंतेश्वरी मांई के छत्र की विशेष पूजा अर्चना

# दशहरा में आमंत्रित किए सैंकड़ों देवी देवताओं को ससम्मान दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- दर्जनों बकरों व मुर्गी की दी गई बलि, सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु रहे मौजूद

ऐतिहासिक बस्तर दशहरा की अंतिम रस्म से पूर्व बुधवार को बस्तर संभाग समेत प्रदेश व पड़ोसी प्रांत ओडिशा से आमंत्रित सैकड़ों देवी-देवताओं को ससम्मान विदाई दी गई। बुधवार को विदाई से पूर्व गंगामुण्डा स्थित कुटुंबजात्रा मंडप के सामने मावली माता दंतेवाड़ा व दंतेश्वरी मंदिर जगदलपुर के छत्र के साथ ही दशहरा में शामिल होने आए सैकड़ों की संख्या में देवी देवताओं की मौजूदगी में माटी पुजारी महाराजा कमलचन्द्र भंजदेव द्वारा दंतेश्वरी मंदिर के पुजारी की मौजूदगी में पूजा अर्चना की गई।

कुटुम्बजात्रा पूजा के दौरान माटी पुजारी द्वारा मावली माता दंतेवाड़ा व दंतेश्वरी माईं जगदलपुर के छत्र की आरती उतारकर पूजा अर्चना की गई। इस दौरान दंतेश्वरी मंदिर के पुजारी द्वारा विधिविधान से पूजा पाठ किया गया। इसके उपरांत मण्डप के बाहर दर्जनों बकरों व मुर्गों की बलि दी गई। कुटुम्बजात्रा में मौजूद माटी पुजारी महाराजा ⏭ शेष पेज 12 पर







### मांई जी की पुलिस बैंड की धुन व सशस्त्र बल की सलामी के साथ होगी भव्य विदाई

विश्वप्रसिद्ध ऐतिहासिक बस्तर दशहरा में सर्वप्रथम आमंत्रित मावली माता व दंतेश्वरी माईं की विदाई सभी देवी देवताओं की विदाई के बाद अंत में की जाती है। इस बार 19 अक्टूबर को मावली माता को ससम्मान भव्य विदाई दी जाएगी। प्रति वर्ष महत्वपूर्ण और पवित्र माने जाने वाले दन्तेश्वरी मांई और मावली मांई की विदाई पूजा विधान के अंतिम रस्म को भी पूरी भव्यता के साथ सम्मानपूर्वक ढंग से आयोजित किया जाता है। इस पवित्र रस्म में जिस तरह मावली परघाव के दिन मांई जी की छत्र और डोली की पूरी भव्यता के साथ स्वागत किया जाता है, उसी सम्मान और आदर के साथ भव्य रूप देकर एक शोभायात्रा के रूप में विदाई की जाती है। दशहरा के समापन की यह रस्म पूरी भव्यता के साथ सम्पन्न होती है। विशाल मंच को फूलों से सजाकर छत्र और डोली को मंच प्रदान किया जाता है। दन्तेवाड़ा तथा जगदलपुर के दन्तेश्वरी मंदिर के प्रमुख पुजारी, राजपरिवार, राजपुरोहित, राजगुरू, जनप्रतिनिधि, प्रशानिक अधिकारी, दशहरा समिति के पदाधिकारी, समाज प्रमुख सहित अन्य बड़ी संख्या में लोग उपस्थित होते हैं। मांई जी के सम्मान में पुलिस बैंड के ध्वनि के बीच सशस्त्र बल के द्वारा सलामी भी दी जाती है।

# शहर के चौक- तिराहों की अब और बदलेगी तस्वीर

## जगदलपुर के सभी 48 वार्डों में अनवरत होंगे विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव की पहल पर नगर निगम को मिले अधोसंरचना मद से 6 करोड़

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव की अनुशंसा पर नगर पालिक निगम को अधोसंरचना मद से विकास कार्यों के लिए 6 करोड़ की राशि नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन से स्वीकृत प्राप्त हुई है। शहर में विकास कार्य के लिए जिसमें सीसी सड़क, नाली, सामुदायिक भवन एवं अन्य निर्माण कार्य सभी 48 वार्डों में किए जाएंगे।

महापौर सफीरा साहू, एमआईसी सदस्यों एवं भाजपा पार्षदों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधायक किरण देव एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव को धन्यवाद ज्ञापित कियाा है। किरण देव ने कहा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्री अरुण साव के नेतृत्व में प्रदेश में चौमुखी विकास हो रहे हैं।



### निरंतर जारी रहेगा विकास

विधायक ने कहा विकास निरंतर जारी रहेगा शहर विकास के लिए राशि की कमी नहीं होगी, लोगों को मूलभूत सुविधा देना हमारी सरकार का दायित्व है जिसे हम लगातार निर्वहन कर रहे हैं। राशि स्वीकृत होने पर शहर विकास में तेज गति से निर्माण कार्य होंगे। विकास अनवरत जारी रहेगा शहर विकास में किसी भी प्रकार की राशि की कमी नहीं होगी। विकास से जुड़े कार्य निरंतर होते रहेंगे।

इसी तारतम्य में नगर पालिक निगम जगदलपुर को शहर के 48 वार्डों में विकास कार्यों के लिए अधोसंरचना मद से राशि 6 करोड रुपए की स्वीकृति सीसी सड़क, नाली, सामुदायिक भवन एवं अन्य निर्माण कार्यों के लिए स्वीकृति प्राप्त हुई है।

गांजा तस्करी करते रेलवे स्टेशन से पकड़ी गई आरोपिया

# पांच किलो गांजा जब्त वृद्ध महिला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- गांजा तस्करी पर बस्तर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में बस्तर पुलिस द्वारा अपराधिक तत्वों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। इसी तारतम्य में अवैध मादक पदार्थ गांजा तस्कर पर कार्रवाई करने में बस्तर पुलिस को सफलता मिली है।

थाना बोधघाट को सूचना मिली कि एक बूढ़ी महिला पिंक रंग की फूलदार साड़ी पहनी है। हीराखंड एक्सप्रेस ट्रेन से रेलवे स्टेशन जगदलपुर में उतरकर डरी सहमी बैठी है, जो अपने पास एक नीला रंग की प्रिंटेड थैला रखी है। जिसमें अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखकर बिक्री करने के उद्देश्य से ओडिशा प्रांत से परिवहन कर रही हैं कि सूचना पर पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के दिशा निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक उदित पुष्कर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित कर, कार्रवाई हेतु टीम रवाना किया गया था। टीम द्वारा रेलवे स्टेशन जगदलपुर में पहुंचकर संदेह के आधार पर एक महिला को पकड़कर पूछताछ करने पर अपना नाम सरला पति सुरेश सिंग उम्र 55 वर्ष निवासी नगला सरकी जिला बदायू उप्र का होना बताई, जिनके पास में रखे एक प्रिंट दार थैला की तलाशी लेने पर 5.152 किलोग्राम अवैध ⏭ शेष पेज 12 पर



# बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- 2900 बीएड अभ्यर्थी एक साल से दे रहे हैं सेवा

बस्तर जिले में पदस्थ नवनियुक्त बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों ने मंगलवार को मुरिया दरबार में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को ज्ञापन देकर अपनी सेवा सुरक्षित करने की मांग की है। शिक्षकों ने बताया कि शिक्षक भर्ती नियम 2019 के राजपत्र में पारित नियमों के आधार पर एवं इस नियम के सभी मानकों पर खरा उतरते हुए डीएड अभ्यर्थियों के साथ-साथ लगभग 2900 बीएड अभ्यर्थियों को प्राविण्य सूची में स्थान पाने के बाद सहायक शिक्षक के रूप में बस्तर एवं सरगुजा संभाग के सुदूर अंचलों में पदस्थ किया गया जो लगभग 1 वर्ष से अपनी सेवा दे रहे हैं। उच्च न्यायालय द्वारा बी एड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों को 2 अप्रैल 2024 को अमान्य कर दिया गया है। जिससे बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षक और उनके परिवारों के आजीविका के साथ ही साथ इससे शिक्षित होने वाले विद्यार्थियों पर भी प्रभाव पड़ रहा है। बी एड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों के द्वारा कराए गए शिक्षण कार्य के परिणाम स्वरूप बच्चों के शिक्षा स्तर में सुधार आया है, साथ ही इन शिक्षकों से प्राप्त शिक्षण के द्वारा छात्र-छात्राओं का एकलव्य, नवोदय जैसे संस्थानों में चयन भी हो रहा है जो इनकी गुणवत्तापूर्ण शिक्षण को दर्शाता ⏭ शेष पेज 12 पर

रेल से यात्रा करने के दौरान दुर्घटना से बचने बैनर व पोस्टर के माध्यम से दी जा रही जानकारी

# दशहरा में आने वाले ग्रामीण पर्यटकों को जागरूक कर रहा आरपीएफ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- नियमों की अवहेलना करने पर जुर्माने की दी गई जानकारी

विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा में शामिल होने इन दिनों अंचल के अलग अलग भागों से हजारों की संख्या में देशी व विदेशी पर्यटकों के साथ ग्रामीण परिजनों के साथ रेलमार्ग से जगदलपुर पहुंच रहे है। ऐसे में इन यात्रियों को दुर्घटनाओं से बचाने के लिए आरपीएफ द्वारा विशेष जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। रेल से आने जाने के दौरान प्लेटफार्म में मौजूद आरपीएफ पोस्ट जगदलपुर में तैनात जवानों द्वारा एवरनेस प्रोग्राम चलाया जा रहा है। जवानों द्वारा बैनर व पोस्टर के माध्यम से होने वाले दुर्घटनाओं की जानकारी दी जा रही है। यात्रियों को बताया जा रहा है कि रेल पटरी से आवाजाही न करें। समय बचाने के फेर में अपनी जान को जोखिम में न डालते हुए ओवरब्रिज का उपयोग करें। इसके अलावा रेल में यात्रा के दौरान दरवाजे के पास खड़ा नहीं होने तथा रेलवे क्रासिंग पार करने के दौरान फाटक खुलने का इंतजार करने कहा जा रहा है। किसी भी तरह की सहायता के लिए टोल फ्री नम्बर 139 में सम्पर्ककरने की सलाह दी जा रही है। मौके ⏭ शेष पेज 12 पर




### हजारों यात्रियों को दी गई जानकारी

आरपीएफ पोस्ट जगदलपुर में तैनात जवानों द्वारा दशहरा के दौरान हजारों यात्रियों को रेलवे नियम व दुर्घटनाओं से बचने जानकारी देकर जागरूक किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे यात्रियों द्वारा जवानों की बात ध्यान से सुनते हुए नियमों का पालन करने की बात कही गई। इन यात्रियों में कई यात्री ऐसे भी होते है जो पहली बार रेल में यात्रा कर रहे होते है।

बैनर, स्लोगन, रंगोली से लोगों के लिए चलाया जाबो जागरुकता अभियान

# नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली अवलोकन के लिए 24 को मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- कलेक्टर हरीश एस ने पत्रवार्ता में दी जानकारी

नगरीय निकाय के अंतर्गत कार्यालयीन समय पर नगरीय निकाय निर्वाचन हेतु फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन आयुक्त नगरपालिक निगम जगदलपुर एवं नगर पंचायत बस्तर के प्रत्येक वार्ड में उपलब्ध रहेगा। इसके अतिरिक्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी जगदलपुर, बस्तर एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसील कार्यालय जगदलपुर एवं बस्तर के कार्यालय में आम जनता के अवलोकन हेतु वार्डवार निर्वाचक नामावली उपलब्ध रहेगा। उक्त बातें कलेक्टर हरीश एस ने बुधवार को आयोजित प्रेसवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि पुनरीक्षण कार्यकम के संबंध में जाबो अंतर्गत किए गए जागरुकता संबंधी कार्य में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय आम निर्वाचन हेतु पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में जिले में समय-समय पर हाट बाजारों, प्रमुख चौराहों न्यूज पेपर में बैनर, स्लोगन, रंगोली आदि द्वारा मतदान प्रक्रिया को सरलता से सम्पन्न कराने प्रचार प्रसार किया गया। शिक्षक दिवस एवं गांधी जयंती के अवसर पर जिले के कार्यालयों शैक्षणिक संस्थाओं महाविद्यालयों, वन समितियां, महिला समूहों, निजी संस्थानों आदि में नाटक, वाद विवाद प्रतियोगिता, रंगोली आदि सहभागिता के माध्यम से निर्वाचक नामावली में नाम जुड़ाने, संशोधन एवं विलोपन की प्रकिया से युवाओं एवं आम जनता को अवगत कराया गया। त्रिस्तरीय ⏭ शेष पेज 12 पर



### नाम जुड़ाने व विलोपन की होगी प्रक्रिया

उन्होंने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायतों के अंतर्गत जिले में 430 ग्राम पंचायतों के निर्वाचन हेतु सातों विकासखंड के सभी ग्राम पंचायत में निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 29 नवंबर को सर्वसाधारण के लिए किया जाएगा। अन्य आवश्यक विषय उपरोक्तानुसार नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में सर्वसाधारण को प्रचार-प्रसार करने हेतु सूचित किया जाकर निर्वाचक नामावली में 1 जनवरी 2024 की स्थिति में निर्वाचक नामावली में नाम जुड़ाने संशोधन एवं विलोपन की प्रक्रिया की जाएगी।

### केन्द्रों में दावा व आपत्तियां 23 को

उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय के अंतर्गत नगरपालिक निगम जगदलपुर के 48 वार्ड के मतदान केन्द्रों में तथा नगर पंचायत बस्तर के 15 वार्ड के मतदान केन्द्रों में दावे एवं आपत्तियां 23 अक्टूबर को अपरान्ह 3 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। त्रिस्तरीय पंचायतों के अंतर्गत सर्व विकासखंड के प्रत्येक ग्राम पंचायत में दावे एवं आपत्तियां 29 अक्टूबर को अपरान्ह 3 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। जनपद पंचायत जगदलपुर के अंतर्गत 71 ग्राम पंचायत, बस्तर के अंतर्गत 85, बकावंड के अंतर्गत 93, दरभा के अंतर्गत 46, बास्तानार के अंतर्गत 34, लोहंडीगुड़ा के अंतर्गत 49 तथा तोकापाल के अंतर्गत 52 ग्राम पंचायतों 430 ग्राम पंचायतों में दावा, आपत्ति प्रस्तुत की जा सकती है।


## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

## खबर संक्षेप

### जिले के चारों विकासखण्डों में होगा कौशल पखवाड़ा

**दंतेवाड़ा।** केन्द्र तथा राज्य शासन की कौशल विकास योजनाओं यथा प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, नल-जल मित्र कार्यक्रम, आजीविका विकास कार्यक्रम, नियद नेल्लानार योजना के तहत जिले में विभिन्न प्रशिक्षण संचालन किया जा रहा है। ग्रमीण स्तर के युवाओं तक कौशल विकास प्रशिक्षण की पहुंच बनाने के उद्देश्य से कौशल पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कौशल प्रशिक्षण हेतु इच्छुक युवाओं का काउंसिलिंग कर उन्हें प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सम्मिलित कर रोजगार, स्वरोजगार हेतु सक्षम बनाने का प्रयास किया जावेगा। इस संबंध में पंचायत भवन बालूद 17 अक्टूबर, पंचायत भवन गमावाड़ा 18 अक्टूबर, पंचायत भवन फरसपाल 21 अक्टूबर, पंचायत भवन बारसूर 22 अक्टूबर, पंचायत भवन कुआकोंडा 23 अक्टूबर, पंचायत भवन पालनार 24 अक्टूबर, पंचायत भवन कटेकल्याण 25 अक्टूबर, पंचायत भवन बड़े गुडरा 28 अक्टूबर को तिथि निर्धारित किया गया है।

### कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे आवेदक



**बीजापुर।** सोमवार को आयोजित होने वाले कलेक्टर जनदर्शन में कलेक्टर संबित मिश्रा ने जिले के विभिन्न स्थानों से आवेदन लेकर पहुंचे लोगों की समस्या सुनी और सम्बंधित विभागों को शीघ्र कार्य करने के आवश्यक पहल करने की बात कही है। जनदर्शन में 14 आवेदन प्राप्त हुए। लोग अपनी-अपनी समस्याओं से कलेक्टर को अवगत कराने जिला कार्यालय पहुंचे। कलेक्टर संबित मिश्रा ने सभी आवेदकों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी और जनदर्शन में प्राप्त सभी आवेदनों का नियमानुसार त्वरित निराकरण का आश्वासन भी दिया। आवेदकों द्वारा व्यक्तिगत एवं सामुदायिक स्तर के विभिन्न समस्याओं एवं मांग हेतु आवेदन प्रस्तुत किए जिसमें रोजगार, भवन निर्माण, वार्ड की समस्या एवं बुनियादी सुविधाएं, स्कूल, छात्रावास सहित अन्य आवेदन लेकर कलेक्टर के सम्मुख उपस्थित

नारी की अस्मिता को उठे का

# कुपोषण को मिटा नहीं पाये, तो विभाग ने जला दिए पूर्व सीएम और मंत्री की तस्वीरें

## सुपोषण अभियान की दम तोड़ती तस्वीरें कुआकोंडा आईसीडीएस विभाग में दिखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नकुलनार

दंतेवाड़ा के कुआकोंडा महिला बाल विकास विभाग परियोजना के सरकारी गोदाम में आंगनबाड़ी केंद्रों में कुपोषण मिटाने के लिये बंटने वाली मूंगफली चिक्की नौनिहालों को बंटने से पहले ही सड़ गयी। जिसके बाद विभाग कुपोषण मिटा नहीं पाया, तो गोदाम के बाहर चिक्की को जलाकर ही कुपोषण मिटा दिया।

इस विभाग के जिम्मेदार इतने बड़े लापरवाह हैं कि हजारों मूंगफली चिक्की को जलाकर योजना को स्वाहा करते नजर आये। आपको बता दें कि दंतेवाड़ा जिले के कुआकोंडा परियोजना में 150 से अधिक आंगनबाड़ी केंद्र है। जहां प्रतिदिन 3 वर्ष से 6 वर्ष तक के बच्चों को सुपोषण अभियान के तहत राज्य



सरकार की तरफ से मूंगफली चिक्की वितरण करने की योजना है। जिसकी कीमत 5 रुपये 85 पैसे है, लेकिन कुआकोंडा ब्लॉक में महिला बाल विकास विभाग की लापरवाही के चलते अंदुरुनी इलाकों में आदिवासी बच्चों को सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।







### पूर्व सीएम व मंत्री की तस्वीरें भी कूड़ेदान में

गोदाम के बाहर कूड़ेदान में सैंकड़ों तस्वीरें छग के भूतपूर्व सीएम भूपेश बघेल और पूर्व महिला बाल विकास मंत्री अनिला भेड़िया की नजर आई। सवाल यह उठता है कि जिन तस्वीरों को उस समय बालबाड़ी केंद्रों में वितरण करना था, उसे भी विभाग द्वारा नही बांटा गया। आखिर इन योजनाओं पर लाखों करोड़ों रुपये सरकार खर्च करती हैं, लेकिन उन योजनाओं का क्रियान्वयन वातानुकूलित कमरे में बैठे अधिकारी जब सही समय पर नही करते हैं, तब इस तरह योजना जलकर कूड़ेदान में नजर आती है।

### विभाग के गोदाम में सब कुछ दिखा बिखरा

गोदाम के अंदर गर्भवती शिशुवती माताओं को बांटने वाला रेडी टू ईट फूड से लेकर खेलने के समान तक बेतरतीब ढंग से पड़े थे। विभागीय अधिकारी कुआकोंडा परियोजना से भी नदारत थे। जिसके बाद हमने जिला कार्यक्रम अधिकारी वरुण नागेश से बात कि और उन्हें पूरे मामले से अवगत कराया, उन्होंने कहा कि दिखवाता हूं क्यों वितरण नहीं हुआ, इसका भी पता लगवाता हूं।

# ग्रामीणों को मिल रहा शुद्ध पेयजल

बीजापुर/भोपालपटनम।





विकासखण्ड भोपालपटनम के ग्राम सीतानगरम, ग्राम पंचायत चन्दूर जिला मुख्यालय से लगभग 50 किलोमीटर दूरी पर स्थित है। ग्राम सीतानगरम विकासखण्ड भोपालपटनम से 30 किमी. की दूरी पर है, ग्राम में कुल 22 परिवार निवासरत है। पूर्व में ग्राम सीतानगरम में 6 हैण्डपंपों की स्थापना की गई है। हैण्डपंपों की स्थापना घरों से अधिक दूरी पर स्थापित होने के कारण ग्रामवासियों को लंबी कतार लगाकर हैण्डपंपों का उपयोग करना, गर्मी, बरसात के समय पर कड़ी धूप व बरसातों में भीगते हुये पानी लाना पड़ता था। जल जीवन मिशन योजना आने के बाद ग्राम सीतानगरम में समूह जल प्रदाय योजना के माध्यम से ग्राम में बसे प्रत्येक परिवारों के घरों में जल जीवन मिशन योजना के माध्यम से जल प्रदाय किया जा रहा है। गांव में 22 नग घरेलू नल कनेक्शन किये गये है।

सीतानगरम में ग्राम सभा के दौरान जल जीवन मिशन योजना आने से ग्रामवासी अत्यधिक उत्साहित है। सरपंच अशोक मडे बताते है कि अब हर-घर नल लग जाने के बाद घरों में ही स्वच्छ जल प्राप्त हो रहा है, जिससे उनके समय की बचत हो रही है और बचत समय का उपयोग अब हम आसानी से अन्य कार्यों में दे पा रहे है। ग्रामवासी बताते है कि समय-समय पर पंप ऑपरेटर के माध्यम से नल बंद चालू किया जा रहा हैं। जिससे सभी घरों में पर्याप्त मात्रा में जल प्रदाय हो रहा है। घरों में शुद्ध पेयजल प्राप्त होने पर ग्रामवासियों को जल की समस्या का निराकरण हुआ है। जिसके लिये सरपंच, सचिव एवं ग्रामवासियों ने छत्तीसगढ़ सरकार एवं केन्द्र सरकार के प्रति आभार प्रकट किया है।

# बकाया बिल भुगतान के लिए उपभोक्ता के पास होंगे विकल्प

**नए स्मार्ट मीटर में सूचना के आदान-प्रदान करने की होती क्षमता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

उपभोक्ताओं के अनुसार स्मार्ट मीटर से बिल ज्यादा मिलेगा और समस्याओं से उपभोक्ता नाराज है। इस पर विद्युत कंपनी के ईडी ने उपभोक्ताओं को बताया कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर और पुराने मीटर ऊर्जा खपत गणना की दृष्टि से एक ही मीटर है।

नए स्मार्ट मीटर में सूचना के आदान-प्रदान करने की क्षमता होती है एवं विद्युत संबंध बहाल रखने व काटने के संकेत मिलने पर इसमें लगे हुए स्विच के अनुसार उपभोक्ता के विद्युत संबंध को बहाल व बाधित कर सकता है। सभी उपभोक्ताओं का बिल हर महीने एक निर्धारित तिथि को जारी किया जाएगा, बिल भुगतान के पुराने सभी माध्यम वैसे ही रहेंगे। उपभोक्ता काउन्टर सहित छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड की वेबसाईट अन्य डिजिटल माध्यम से भी आसानी से भुगतान कर सकते हैं।

बकाया बिल भुगतान के लिए उपभोक्ता के पास विकल्प होंगे। सामान्यतया वर्तमान बकाया राशि को दिनों की किस्तों में बांट दिया जाएगा एवं प्रतिदिन किस्त की राशि प्रतिदिन के बिजली खपत राशि के साथ जोड़कर जमा राशि से काट ली जाएगी, लेकिन उपभोक्ता अपने सहूलियत के अनुसार बकाया राशि का भुगतान एक बार में ही करना चाहें तो कार्यालय में संपर्क कर भुगतान कर सकते हैं।

अगर उपभोक्ता स्मार्ट मीटर लगाने में सहयोग नहीं करेंगे तो छत्तीसगढ़ इलेक्ट्रिक सप्लाय कोड में वर्णित प्रावधानों में उपभोक्ता को 24 घंटे का समय पत्र के माध्यम से दिया जाएगा अगर उपभोक्ता फिर भी सहयोग नहीं करते हैं तो उनका विद्युत कनेक्शन काट दिया जाएगा। स्मार्ट मीटर लगाने हेतु उपभोक्ता स्वयं आवेदन देकर अनुरोध नहीं करते हैं।

### डिजिटल को स्मार्ट मीटर से बदलना जरूरी



विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर ने बताया कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार पुराने इलेक्ट्रोमैकेनिकल (काले) मीटर को डिजिटल मीटर एवं डिजिटल मीटर को स्मार्ट मीटर से बदलना है। इसलिए सभी उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर लगवाना अनिवार्य है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड अपने सभी उपभोक्ताओं के परिसर में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने के लिए कृत संकल्प है।

# मैत्री मंच पर महिलाओं ने एक स्वर में लगाया नारा 'वी वान्ट जस्टिस'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

हजारों साल बाद भी नारी अस्मिता को लेकर उठे सवालों का जवाब मांगता बांग्ला नाटक ए कौन सोकाल का मंचन सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था मैत्री संघ के मंच पर दुर्गा उत्सव की महानवमी के अवसर पर किया गया।

मशहूर लेखक विमल बंधोपाध्याय लिखित और वरिष्ठ रंगकर्मी सुबीर नंदी निर्देशित नाटक, यह कैसा सवेरा वर्तमान परिवेश मैं नारी अस्मिता की सुरक्षा पर सवाल



उठाता है। नाट्य प्रस्तुति के जरिए दहेज के लोभ में ससुराल में प्रताड़ित की जाने वाली बहू पर तीखा व्यंग्य किया गया है। लेखक ने कई सामाजिक पहलुओं को छूने वाले विषयों को उभारा है। प्राण त्यागने के बाद भी लाशों के अंतरमन की प्रस्तुति देते, कलाकार दर्शकों के दिल को झकझोर के रख दिए। सभी कलाकारों ने अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लिया। निर्देशक सुबीर नंदी द्वारा कई प्रयोग इस नाटक में किए गए जैसे शमशान में शुरू में सत्यम शिवम सुंदरम इस गीत के साथ एक नृत्य प्रस्तुत किया गया। नाटक के अंतिम दृश्य में महिलाओं द्वारा वी वांट जस्टिस कहने पर दर्शकों ने भी उनके साथ दिया। नाटक के मुख्य पात्र की भूमिका में सुधीर मंडल, निर्मल राजपूत, हरि माधव दास, दृशान चक्रवर्ती, गोपाल राय एवं खीरेंद्र पाणिग्रही थे। साथ ही अतिथि कलाकारों में श्रीमती इंद्राणी नंदी, गीता विश्वास, प्रतिमा राय चौधरी, शुभ्रा राय चौधरी, श्वेता विश्वास, शर्मिष्ठा बागची, सीमा बगची, सोनाली भट्टाचार्य थीं। मंच व्यवस्था प्रचार एवं वेशभूषा समीर सेन, प्रकाश व्यवस्था, संगीत एवं रूप सजा विश्वजीत भट्टाचार्य का था। यह नाटक हाल ही देश के सीने पर चोट करने वाली घटना पश्चिम बंगाल मैं महिला रेजिडेंट डॉक्टर के साथ रेप और हत्या जैसे माहौल में ऐसे नाटक की प्रस्तुति का दर्शन को इंतजार था और इसीलिए नाटक के अंतिम दृश्य में दर्शक की सहभागिता देखने को मिला।

# जनधन समृद्धि कार्यशाला में बैंक मित्रों एवं बैंक सखियों को दिया प्रशिक्षण

**जगदलपुर।** जिला पंचायत बस्तर जगदलपुर के सभागार में ग्रामीण विकास विभाग और छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक द्वारा जन धन प्लस-समृद्धि का दरवाजा अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान ग्रामीण विकास विभाग एवं छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के अधिकारियों सहित वुमेन्स वर्ल्ड बैंकिंग से मयूर लोखांडे द्वारा कार्यशाला में उपस्थित बैंक मित्र एवं बैंक सखियों को विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान बैंक मित्र एवं बैंक सखियों को बैंक के विभिन्न उत्पाद, बचत खातों के ब्याज दर सहित पीएम जनधन खाते, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अलावा शासन की विभिन्न डीबीटी योजनांतर्गत भुगतान को बढ़ावा देने तथा स्व-सहायता समूहों को वित्तीय सहायता मार्गदर्शन इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

# अंधविश्वास भगाओ विज्ञान अपनाओ





हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करितगांव बकावंड में 15 अक्टूबर को विज्ञान क्लब द्वारा मिसाइल मैन एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विज्ञान क्लब द्वारा एक नया कार्यक्रम प्रारंभ किया गया, जिसका नाम अंधविश्वास भगाओ विज्ञान अपनाओ रखा गया। इसके अंतर्गत एक अंधविश्वास पर नाटिका प्रस्तुत की गई। जिसमें विभिन्न रासायनिक पदार्थ के प्रयोग से लोगों को कैसे ठगा जाता है बताया गया।

विज्ञान क्लब करितगांव द्वारा अधिक से अधिक गांव में लोगों को जागरूक करने की जिम्मेदारी ली गई। विभिन्न पंचायत में होने वाली ग्राम सभा पर नाटक प्रस्तुत कर जागरूक करने का कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर राजेंद्र कल्यारी ने बच्चों को सम्बोधित किया। विज्ञान क्लब प्रभारी रियाज अली ने विभिन्न रासायनिक अभिक्रिया दिखा कर बच्चों को जागरूक किया। इस अवसर पर रीना दास, चारूलता, कल्पना राय, रितेश देवांगन, राहुल ठाकुर, सुनीता, वाणी, लोकेश, करिश्मा, ऊषा अश्विन, राजेश समेत अन्य उपस्थित रहे।

# एक दिवसीय प्रशिक्षण में शामिल हुए दिव्यांग विद्यार्थी अभिभावक एवं संबंधित संस्था के शिक्षक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी के विज्ञप्ति अनुसार जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन 16 अक्टूबर को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, कस्तुरबा कक्ष में आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम का प्रारंभ जिला शिक्षा अधिकारी, एसके. अम्बस्ता के द्वारा पूजा-अर्चना कर किया गया। कार्यक्रम में जिला मिशन समन्वयक हरीश गौतम, सहायक जिला परियोजना अधिकारी केशव सिंह एवं कार्यालयीन अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य इस प्रशिक्षण में जिले के हाई, हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 9वीं से 12वीं तक के दिव्यांग छात्र-छात्राओं, अभिभावक एवं संबंधित संस्था के शिक्षक शामिल हुए। इस कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा प्रशिक्षण प्रदाय किया गया।

# जिले में मना विश्व हाथ धुलाई दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

विश्व हाथ धुलाई दिवस पर स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत संलग्न स्वच्छग्राही द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायतों के स्कूल, आश्रम, आंगनबाड़ियों में बच्चों को हाथ धोने के तरीके बताया गया। कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशानुसार जिले के समस्त शैक्षणिक संस्थाओं को खासकर ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों में हाथ धोने के आदतों को शामिल करने कहा गया।

चूंकि वर्तमान में मौसम परिवर्तन के दृष्टिगत लोगों में मौसमी बीमारी का खतरा रहता है। हाथ धोने से आप स्वस्थ रह सकते है, श्वसन और दस्त संबंधी संक्रमणों को फैलने से रोका जा सकता है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला



पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार के मार्गदर्शन में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत संलग्न स्वच्छग्रही समूहों आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, स्कूल शिक्षकों द्वारा बच्चों को साबुन से हाथ धोने के चरण के साथ-साथ कब-कब धोना है बताया गया। हाथ धुलाई के दौरान बच्चों को बताया गया कि खाना खाने से पहले, शौच के बाद एवं जब भी किसी गंदी चीज को छूते है, उसके बाद हाथ को साबुन और स्वच्छ पानी से अवश्य धोएं। बच्चों को एवं उपस्थित ग्रामीणों को यह भी बताया गया कि हमें जो बीमारी होती है। उसका 80 प्रतिशत कारण हाथ का साफ न होना है। लोगों को बताया गया कि हाथ धुलाई नहीं करने से बच्चों में कुपोषण, डायरिया आदि होने का खतरा बढ़ जाता है।

# मुरिया दरबार को भाजपा ने मजाक बना दिया : जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



पूर्व विधायक व संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने कहा है कि मुरिया दरबार रियासत काल की प्रभावी व उल्लेखनीय व्यवस्था थी।

इसमें स्थानीय ग्रामीणों की बात तथा शिकवा-शिकायतों को सुनकर शासन एवं प्रशासन के द्वारा जो नजीर पेश की जाती थी, वह समूचे राज्य में लागू होती थी लेकिन भाजपा सरकार ने इस महत्वपूर्ण प्रथा को महज रस्म अदायगी तक सीमित कर बस्तर के लाखों ग्रामीणों व बस्तर दशहरा पर्व में आस्था रखने वाले श्रद्धालुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का कार्य किया है। मुरिया दरबार में अभिव्यक्ति देने मांझी- मुखिया, चालकी आदि बैठे रहे। जन समस्याओं को जानने का प्रयास नहीं किया गया। इससे इनके गांव, घर व क्षेत्र की परेशानी जस की तस बनी रहेगी। आदिवासियों को होने वाली समस्याओं को जानने का मंच मुरिया दरबार है लेकिन मुख्यमंत्री आए और अपना भाषण देकर चले गए। जैन ने कहा है कि मुरिया दरबार में बस्तर के सभी जन प्रतिनिधियों को आमंत्रित करने की परंपरा रही है। तुच्छ राजनीति के कारण भाजपा ने इसे भी खंडित किया है। जैन ने मीडिया को जारी बयान में कहा है कि दंतेश्वरी मंदिर के पुजारी को प्रति माह केवल तीन हजार रुपये ही मिल रहे हैं। इस दिशा में सार्थक पहल एवं घोषणा न किए जाने से पुजारी परिवारों में निराशा है।

# स्वयंसेवकों ने सुखा नाला में बनाया अस्थायी चेक डैम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

जनपद पंचायत बस्तर के ग्राम पंचायत आड़ावाल में शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जगदलपुर द्वारा सात दिवसीय एनएसएस शिविर के तीसरे दिवस में प्रातः कालीन जागरूकता रैली निकाली गई। जो डोंगरी पारा, मंजी पारा, टोटा पारा, खाले पारा, नारायणपाल से होकर वापस शिविर स्थल पहुंची। कार्यक्रम प्रमुख प्रो. सीपी. यादव के मार्गदर्शन में योग अभ्यास, व्यायाम एवं परेड का अभ्यास कराया गया।

स्वयंसेवकों द्वारा आड़ावाल से भूरसुंडी रायकेरा नदी पुल के नीचे अस्थाई चेक डैम बोरी बंधान कार्य शुरू किया गया है। इस चेक डैम के बनने से नारायणपाल, भूरसुंडी, आड़ावाल, भाटपाल समेत अन्य लोगों को एवं पशु पक्षी, मवेशियों को पानी उपलब्ध होगा। इस गांव के किसानों को कृषि कार्य के लिए पानी उपलब्ध हो पाएगा। दूसरे स्वयंसेवकों के समूह द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला प्रांगण में सांस्कृतिक



मंच का निर्माण कार्य जारी है और अन्य के द्वारा आड़ावाल के प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला, हैंडपंप की साफ-सफाई व सोखता गड्ढा का निर्माण कार्य किया गया। स्वयंसेवकों द्वारा बनाए गए अस्थायी बांध को लेकर लोगों की सराहना मिल रही है, क्योंकि इससे लोगों को पानी की समस्या नहीं होगी। साथ ही कई समस्याओं से मुक्ति भी मिलेगी। स्वयंसेवकों ने अपना श्रमदान किया। साथ ही सहयोगी के रुप में ग्राम पंचायत आड़ावाल से जनपद पंचायत सदस्य शक्ति बघेल, सरपंच सोमारू राम मौर्य, हेमराज बघेल, मंगल कश्यप युवाओं का सहयोग रहा। गौरतलब है कि छात्रों द्वारा उक्त अस्थाई बांध बनाने से आस-पास के किसानों को काफी राहत मिलेगी और सिंचाई की समस्या से निजात मिलेगी। इस दौरान प्रो.सीपी. यादव,राजू बघेल, तेजस्वी साहू, विपिन कुमार, पूरन सिंह कश्यप, देवेंद्र कश्यप, जागेश शोरी, रश्मि मांडवी, हरसिता नेताम, चंपा मंडल, लिनेश बघेल, देवेंद्र कश्यप, संतोष सेठिया, जय नारायण देवांगन, रितीका नेताम, लक्ष्मण बघेल,आसमान बघेल आदि स्वयंसेवक उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से
11 जनवरी से 17 जनवरी 2025, 18 मई से 24 मई 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411